# रेरा को मिलेगी निगम से पास नक्शों की जानकारी

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** अब नगर निगम से पास नक्शों की अपडेट जानकारी बिहार रेरा को भी मिल सकेगी। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने शुक्रवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पटना नगर निगम के एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (एपीआइ) बिहार रेरा को 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराएं ताकि निगम के पास नक्शों की अद्यतन जानकारी रेरा को आसानी से उपलब्ध हो सके। इससे प्रोजेक्ट के निबंधन में लगने वाला समय भी कम होगा। उन्होंने अपार्टमेंट ओनरशिप अधिनियम से संबंधित नियमावली तीन माह के अंदर अधिसूचित करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। बिहार रेरा की ओर से आयोजित कार्यशाला में मुख्य सचिव ने नगर विकास, गृह, निबंधन एवं विधि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह बिहार रेरा को यथा संभव सहयोग करें। कार्यक्रम में रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी, जेल आइजी प्रणव कुमार सहित नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।



कार्यशाला में मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, रेरा अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह।